कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध), सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल

क्रमांक / एफ–5 / 1207 / 2022 / 10–11 / 4318 भोपाल, दिनांक 21/12/22

प्रति,

महाप्रबंधक,
मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित,
परियोजना क्रियान्वयन, सिंगरौली, म.प्र.।

**विषयः–** **सिंगरौली जिले में गोण्ड देवसर ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत ROW में पाईप लाईन बिछाने हेतु 4.8057 हेक्टेयर वनभूमि मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित, सिंगरौली को उपयोग पर देने बाबत्। (FP/MP/WATER/151757/2022)**

संदर्भः– मुख्य वन संरक्षक, रीवा का पत्र क्रमांक / मा0चि0 / 10144 दिनांक 15.12.2022

----0----

उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करें, जिसके द्वारा मुख्य वन संरक्षक, रीवा ने विषयांकित प्रस्ताव वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत इस कार्यालय को अपनी अनुशंसा उपरांत स्वीकृति हेतु भेजा गया है।

प्रस्ताव का परीक्षण किया गया। प्रस्ताव गोण्ड देवसर ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत ROW में पाईप लाईन बिछाने हेतु 4.8057 हेक्टेयर का है। उक्त प्रस्ताव में कोई वृक्ष प्रभावित नहीं हो रहे हैं परन्तु प्रकरण में कुछ पाईप लाईन पक्की सड़क के किनारे न होकर कच्ची सड़क अथवा पगडण्डी पर भी बिछाई जा रही है। अतः ROW के तहत स्वीकृति देने के अधिकार राज्य शासन को नहीं है। प्रकरण में स्वीकृति भारत सरकार से ही प्राप्त की जाना होगी।

अतः लेख है कि प्रकरण में प्रभावित 4.8057 हेक्टेयर वनभूमि के विरूद्ध 4.8057 हेक्टेयर समतुल्य गैर वनभूमि वन मण्डल अधिकारी सिंगरौली को उपलब्ध करावें, ताकि वन मण्डलाधिकारी सिंगरौली गैर वनभूमि पर वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना तैयार कर तकनीकी स्वीकृति उपरांत इस कार्यालय को भेज सके एवं प्रकरण में स्वीकृति प्राप्त करने की कार्यवाही की जा सके। साथ ही प्रकरण में वन अधिकार अधिनियम के तहत कलेक्टर सिंगरौली के प्रमाण पत्र की प्रति भी प्राप्त होने पर इस कार्यालय को एवं वन मण्डल कार्यालय को भिजवायें।

21/12/2022

(सुनील अग्रवाल)
**प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबन्ध)**
**मध्य प्रदेश, भोपाल**

पृ. क्रमांक / एफ–5 / 1207 / 2022 / 10–11 / 4319 भोपाल, दिनांक 21/12/22

प्रतिलिपिः–

1. मुख्य वन संरक्षक (क्षेत्रीय), रीवा वृत्त, रीवा, मध्यप्रदेश।
2. वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वन मण्डल, सिंगरौली, मध्यप्रदेश।

की ओर उपरोक्त संदर्भित पत्र के तारतम्य में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

21/12/2022

**प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)**
**मध्यप्रदेश, भोपाल**